## खबर संक्षेप

### गेहूं के अवशेष न जलाने को किया जागरूक

**रादौर।** कृषि विभाग की ओर से सोमवार को गांव घिलौर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों को गेहूं के अवशेष न जलाए जाने के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बताया कि गेहूं के अवशेष जलाने से वातावरण तो दुषित होता ही है, वहीं मित्र किट भी नष्ट हो जाते है। जिससे भूमि बंजर होने लगती है। इस अवसर पर सुशील दत्ता, सुरेंद्र चीमा, निशांत सिंह नंबरदार, बूटी राम, लखविंदर सिंह, छविराज दत्ता, पूर्व सरपंच भूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### 11 वर्षीय बच्ची के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र की एक गांव में युवक ने 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित परिवार ने कहा कि 19 अप्रैल को दोपहर साढ़े तीन बजे गांव का युवक उनकी पोती को गलत नीयत से अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां आरोपी ने उसके कपड़े निकाल कर उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया।

### जनता के सहयोग से अपराध पर अंकुश संभव

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिला में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जहां कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिलेवासियों से संदिग्धों और असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का अनुरोध किया है। ताकि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर शिकंजा कसा जा सके। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि आज के समय में अपराधों की रोकथाम और अपराध अन्वेषण एवं छानबीन के लिए नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगनें के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता है। उन्होंने आमजन से संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का अनुरोध किया है।

## विभाग ने आमजन को दी अनधिकृत कालोनियों में निवेश न करने की सलाह

# दो अवैध कालोनियों में चला नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा

- 27 एकड़ में विकसित की जा रही थी अवैध कालोनी, बना ली थीं कच्ची सड़कें व अन्य निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



**यमुनानगर।** व्यासपुर में अवैध कालोनियों में चला जिला योजनाकार विभाग का पीला पंजा। *फोटो : हरिभूमि*

जिला के व्यासपुर में बिना अनुमति के विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कालोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से तोड़फोड़ दिया। इस दौरान जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनाधिकृत कालोनियों में अपनी मेहनत से कमाई हुई पुंजी को निवेश नहीं करने की सलाह दी है।

नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि व्यासपुर के नियंत्रित क्षेत्र में गणपति कालेज के पीछे दो अनाधिकृत कालोनियां विकसित की जा रही हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत करवाया गया। जिसके बाद वह सोमवार को उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार विभाग के कनिष्ठ अभियंता राहुल व सागर के साथ ड्यूटी मजिस्टेट के रुप में तैनात किए गए यूएचबीवीएन व्यासपुर के एसडीओ राम कुमार और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर देखा कि वहां पर करीब 27 एक्रड़ भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों में कच्ची सड़कें व अन्य निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे तुरंत जेसीबी मशीनों द्वारा तोड़ फोड़ दिया गया।

### कार्रवाई से पहले भेजे गए नोटिस

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि अनाधिकृत कालोनियों में कार्रवाई से पहले चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट 41 आफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भू.मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण कालोनियों में तोड़ फोड़ की कार्रवाई को किया गया।

### निर्माण करने वाला होगा खुद जिम्मेदार

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने आमजन से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी निर्माण में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। इस तरह की अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाने का काम जारी रहेगा। साथ ही अवैध कालोनी विकसित करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित महाआरती कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु।

## साधना के पथ पर चलने वालों को समस्या नहीं कर सकती विचलित

- महाआरती का शुभारंभ सतगुरु ने जयकारे लगवा कर किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| !रादौर

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तेजपाल ने मंच का संचालन किया। वहीं, मुख्यातिथि के रुप में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने भाग लिया।

महाआरती का शुभारंभ मुस्कान व श्रृति ने मां जगत जननी जगदंबा व सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के जयकारे लगवा कर किया। इस दौरान मां के भक्तों ने तीन तीन बार शंखनाद किया। मौके पर राजेंद्र मेहता ने कहा कि गुरुवर ने कहा है कि जब तक धरती पर मानव शेष रहेगा तब तक यह पाठ चलता रहेगा। उसी कड़ी में भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य अनुष्ठान घर घर जाकर निःशुल्क भाव से करते हैं। कहा कि इस कली काल में जो लोग गुरुवर जी का सानिध्य प्राप्त करके साधना पथ पर बढ़ रहे हैं। उनका जीवन सुख शांति संतोष से परिपूर्ण है और उन्हें कोई भी समस्या विचलित नहीं कर सकती। मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष किताब सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर बीरबल, राजेश बुबका, बलवंत, सोहनलाल, दीवान चंद, सुभाष, राजवीर, विक्रम सैनी, सोमलाल, साहिल, हर्षित, नरेंद्र व लविश आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करना चाहते हैं विपक्षी दल : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का गिरना कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों की दकियानुसी सोच का परिणाम है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी कांग्रेस देश की आधी आबादी को उसकी उचित हिस्सेदारी नहीं देना चाहती है। जिसके लिए महिलाएं इन विपक्षी दलों को कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने उक्त शब्द भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बातचीत करते हुए कहे। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग भी मौजूद रहे।

पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने महिलाओं की हिस्सेदारी की जरूरत को महसूस किया। नया संसद भवन भी बनकर तैयार था और केन्द्र ने ऐतिहासिक बिल पेश कर दिया। दुखद बात है कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने विरोध किया। जिसकी वजह से बिल पास नहीं हो सका। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानूनी प्रस्ताव नहीं था। यह उन करोड़ों बेटियों की आशा था जो लोकतंत्र में अपनी भागीदारी को और सशक्त होते देखना चाहती हैं। यह उन माताओं का विश्वास था। जिन्होंने हमेशा समाज और परिवार को दिशा दी। लेकिन निर्णय लेने की सर्वोच्च संस्थाओं में उनकी भागीदारी अब भी सीमित रही। यह उन युवा छात्राओं का सपना था जो राजनीति को केवल देखने नहीं बल्कि उसे दिशा देने का साहस रखती हैं।

## मंडी में गेहूं का उठान धीमा, किसानों को नहीं मिल रही फसल रखने की जगह

- गेहूं का उठान नहीं होने तक फंसा रहेगा किसानों का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



**रादौर।** अनाजमंडी में दुकानों के आगे लगा गेहूं के कट्टों का ढेर। *फोटो : हरिभूमि*

अनाजमंडी में उठान धीमा होने से किसानों को अपनी फसल मंडी में डालने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। जिस कारण अनाजमंडी के दोनो गेट पर गेहूं के वाहनों की लंबी लंबी लाइने देखी जा सकती है। ट्रैक्टर.ट्रालियों की सड़क पर लंबी लाइनों से अन्य वाहन चालको को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि उठान ने होने से अटल कैंटीन भी कट्टो के चलते दिखाई नहीं दे रही है। मंडी प्रधान सुभाष कांबोज ने बताया कि आढ़तियों द्वारा समय समय पर उठान को लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया जाता है। ऐसे में देरी से उठान होने पर उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। मंडी में दुकानों के आगे कट्टो के ढेर लगे पड़े हुए है। जब तक मंडी से उठान नहीं होगा, तब तक किसानों को उनका भुगतान नहीं मिल पायेगा। उठान होने के 72 घंटे बाद किसानों को उनकी फसल का भुगतान मिलता है। मंडी में उठान कमजोर होने के कारण किसानों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है। उधर मंडी सचिव राजीव चोपड़ा ने बताया कि अब तक रादौर अनाजमंडी में 2 लाख 84 हजार 013 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। गुमथला अनाजमंडी में 37468 क्विंटल खरीद की जा चुकी है। वहीं अनाजमंडी जठलाना में 24612 क्विंटल खरीद की जा चुकी है। गेहूं की खरीद का कार्य सरकारी मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है। 12 प्रतिशत तक नमी होने पर ही गेहूं की खरीद की जा रही है। इससे ज्यादा नमी होने पर किसान को अपनी गेहूं की फसल को धूप में फैलाकर सुखाने के बाद ही खरीद की जायेगी। विभाग की ओर से गेहूं के उठाव के 24 से 72 घंटे तक किसान को उसकी फसल का भुगतान कर दिया जायेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडी में अपनी गेहूं की फसल को सुखाकर लाये। सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को रादौर अनाजमंडी में वेयरहाउस की ओर से खरीद की जा रही है।

## सफाई कर्मचारी अब पोटा केबिन में लगा सकेंगे हाजिरी : प्रसाद

- नगर निगम आयुक्त ने मांगे मानने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर के सभी 22 वार्डों में सफाई कर्मचारियों की हाजिरी के लिए पोटा केबिन स्थापित किए जाएंगे। जहां कर्मचारी धूप और बारिश में भी आसानी से हाजिरी लगा सकेंगे और दोपहर का भोजन भी कर सकेंगे। यह निर्णय नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद द्वारा नगरपालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिनमें से अधिकांश मांगों को आयुक्त ने पूरा करने का आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि बारिश के मौसम में काम करने वाले कर्मचारियों को एक माह के भीतर रेनकोट उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र भी जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पोटा केबिन में हाजिरी के साथ साथ वर्दी बदलने, भोजन और आराम करने की भी सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर निगम के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह, कार्यालय अधीक्षक तेजिंदर कौर, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, विनोद बेनीवाल, लेखाकार नवीन कुमार मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित अनाजमंडी में टूटकर बिखरे लोहे के जंगले।

### मार्केट कमेटी ने बनवाई गलियां और नालियां, एक ही सीजन में हो गईं बदहाल

**रादौर।** अनाजमंडी में लगभग 8 महीने पहले गलियों में मार्केट कमेटी द्वारा टाइले बिछाने, नालियों पर लोहे के जंगले लगवाने का काम किया गया था। परंतु गलियां, नालियां एक सीजन भी नहीं झेल पाई। अनाजमंडी में गलियां व नालियों के निर्माण में घटियां सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। गेहूं से भरे ट्रक गलियों में धंस रहे है। जिससे ड्राईवरो में मार्केट कमेटी के विरूद्ध काफी रोष है। ड्राईवर कैलाश, राजू, कुलवंत, सोनू, जयकुमार, सुखबीर सिंह आदि ने बताया कि अनाजमंडी रादौर में मार्केट कमेटी की ओर से गलियों में टाईले बिछाने का काम किया गया था। वहीं गली के साथ साथ नालियां भी बनाई गई थी। नालियों के ऊपर लोहे के जंगले भी लगाने का काम किया गया था। अनाजमंडी में करवाए गए विकास कार्यो में घटियां सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। जब गेहूं का सीजन शुरू हुआ तब गेहूं के कट्टो से भरे ट्रक गलियों में धंसने लगे। जिससे उनके समय व धन का नुकसान हुआ। नालियां व गलियां टूटकर बिखर गई। ठेकेदार द्वारा बनाई गई गलियां व नालियां एक सीजन भी नहीं टिक पाई। वहीं लोहे के जंगले टूटकर बाहर निकल गए। आलम यह है कि अब लोहे के जंगले चोरी होने का डर सताने लगा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मामले की विजिलेंस जांच करवाए जाने की मांग की है।

## उद्योगपति पीके दत्ता जनसेवक फाउंडेशन के चेयरमैन बनाए गए

- जनसेवक फाउंडेशन की प्रथम बैठक मोहयाल भवन में हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



**यमुनानगर।** बैठक में भाग लेते हुए संस्था के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

जन सेवक फाउंडेशन की प्रथम बैठक मोहयाल भवन यमुनानगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट मोहित छिब्बर ने की। इस दौरान बैठक में सर्व सम्मति से उद्योगपति पीके दत्ता को संस्था का चेयरमैन बनाया गया।

एडवोकेट मृदुल ने बैठक में सबसे पहले सभी सदस्यों का परिचय करवाया गया। इसके बाद संस्था के सदस्यों ने उदेश्यों, नारी सशक्तिकरण ,सामाजिक सेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण मुद्दे पर चर्चा की गई। कृपर चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट मोहित छिब्बर ने वृक्षारोपण एवं शिक्षा जैसे कार्यों पर बल दिया। जबकि एडवोकेट मृदुल ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। सुरिंदर छिब्बर द्वारा सामाजिक जागरूकता पर विचार रखे। एचएस बक्शी द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में चर्चा की। वहीं, एडवोकेट सीमा कंबोज द्वारा जरूरतमंद बच्चों की सहायता करने, छोटे विद्यालयों को प्रोत्साहन तथा ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था के बारे मै सुझाव दिया गया। इस अवसर पर प्रधान मोहित छिब्बर ने सदस्यों को पक्षियों के लिए बाजरा वितरित किया। गोमसी सचदेवा द्वारा सामुदायिक कार्यों के विस्तार तथा अर्जुन छिब्बर द्वारा युवाओं की सहभागिता बढ़ाने पर विचार प्रस्तुत किए गए।

## शादी का झांसा देकर महिला के साथ दो साल तक बनाए संबंध

- फोटो-वीडियो वायरल करने का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ करीब दो साल तक दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो व फोटो वायरल कर दी और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

फरकपुर थाना क्षेत्र निवासी 36 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी आरोपी के साथ जान पहचान थी। अप्रैल 2024 में आरोपी उससे मिला और उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। वह आरोपी की बातों में आ गई। इस दौरान आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ करीब दो साल तक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो व फोटो भी ले ली। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर दी और उसे जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## चेयरमैन ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश, कहा- जारी करेंगे नोटिस

# जागरूकता पर लाखों खर्च, फिर भी सड़क किनारे कूड़े के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर




**यमुनानगर।** रादौर स्थित कॉलेज रोड पर नपा द्वारा लिखे स्लोगन के सामने पड़ा कूड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

सरकार द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए समय समय पर अभियान चलाए जाते हैं। साथ ही साथ नगरपालिका द्वारा भी लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए लाखों रूपये खर्च कर दीवारो पर बड़े बड़े स्लोगन लिखवाने का कार्य किया जा रहा है। परंतु लाखों रूपये खर्च करने पर भी लोगों पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल पा रहा है। सबसे अधिक गंदगी फैलाने में नगरपालिका कर्मचारी व निजी शिक्षण संस्थान देखे जा सकते है। नगरपालिका के रेहडी पर घर घर से कचरा एकत्रित करने वाले कर्मचारी रेहडी भर जाने पर उसे चोराहो पर खाली करने का काम करते है। शहर के कॉलेज रोड पर नगरपालिका द्वारा लाखों रूपये खर्च कर बड़े बड़े स्लोगन तो लिखवा दिए है। परंतु जब शिक्षण संस्थान ही साफ सफाई के स्लोगनो को ठेंगा दिखाने का काम करे, तो ओरो से क्या उम्मीद की जा सकती है। निजी स्कूल के सफाई कर्मचारियों को जब कुड़ा सड़क किनारे डालने से मना किया जाता है, तो वह दूसरो द्वारा कुड़ा सड़क किनारे डाले जाने की बात कहकर कुड़ा डालने का काम करते है। जिससे स्थानीय लोगों में नगरपालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भी भारी रोष है। स्थानीय निवासी मुकेश, संदीप कुमार, राजीव, जयराम, राजेश, दिनेश, सोनू आदि ने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी केवल एसी रूम में बैठकर पूरे शहर की व्यवस्था का जायजा लेने का काम करते है। नगरपालिका द्वारा लिखवाये गए स्लोगनो से कुछ नहीं होगा। जब तक कुड़ा फैलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई न की जाये। यदि कोई इनकी शिकायत करता है तो नगरपालिका कर्मचारी उसे ठंडे बस्ते में डालने का काम करते है। आज तक किसी भी कुड़ा फैलाने वाले पर कार्रवाई तक नहीं हुई। शहर के कॉलेज रोड पर सुबह के समय अंधेरे में कुड़ा डालते है। वहीं शिक्षण संस्थान तो दिन में ही कुड़ा कर्कट डालने का काम करते है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे नपा कर्मचारी, स्थानीय लोगों व शिक्षण संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस बारे नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने कहा कि नगरपालिका द्वारा सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए हर कार्य किया जा रहा है। नगरपालिका कर्मचारियों को ऐसा न करने के सख्त आदेश दिए हुए है। यदि फिर भी कोई कर्मचारी कुडा खुले में डालने का काम करता तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं कुड़ा फैलाने वाले निजी शिक्षण संस्थानो के विरूद्ध भी नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### 155 जगहों पर की रेड 89 सिलेंडर बरामद

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि होटल, ढाबा और अन्य संस्थानों को कार्मिशियल गैस सिलेंडर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। जो भी संस्थान पीएनजी के लिए आवेदन करेगा उसी संस्थान को पीएनजी का कनेक्शन लगने तक कार्मिशियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से सब डिविजन के अनुसार सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और निरंतर सप्लाई को सुचारू बनाए रखने के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने अब तक 155 जगहों पर रेड की है और 89 सिलेंडर भी जब्त किए है।

### 26 को कुरुक्षेत्र में होगी एचसीएस की परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा जिला में आयोजित 26 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली एचसीएस की परीक्षा के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों में विभिन्न 6 सेक्टरों में बांटकर डयूटी मजिस्ट्रेट, डिस्ट्रीब्यूटर कम फ्लाइंग स्क्वाड नियुक्त किए गए हैं। इस परीक्षा के लिए अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य को नोडल अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक को जिला कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है।

### डीएलएसए ने स्थापित किए हेल्प डेस्क

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के निदेर्शानुसार एलएनजेपी अस्पताल और मिनी सचिवालय कुरुक्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में आम जनता को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु डीएलएसए द्वारा एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने अवगत कराया कि यदि किसी भी व्यक्ति को समाधान शिविर के दौरान विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वे वहां उपस्थित डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता से संपर्क कर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

### सड़क दुर्घटना का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने सड़क दुर्घटना के आरोपी पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गनिर्देश में थाना सदर थानेसर पुलिस ने सड़क दुर्घटना के आरोपी पिकअप चालक नन्द लाल वासी बिहार हॉल वासी नवादा कालोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 को पुलिस को सूचना मिली थी कि पिपली में एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा दुर्घटना में घायलों को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरूक्षेत्र भिजवाया।

## सीबीआई जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

# एनआईटी में हो रही आत्महत्या की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की हरियाणा राज्य कमेटी द्वारा एनआईटी कुरुक्षेत्र में हो रही आत्महत्या की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया और एनआईटी निर्देशक का पुतला दहन किया। एसएफआई कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। एसएफआई राज्य उपाध्यक्षा मधुबाला ने कहां कि आज एसएफआई राज्य कमेटी हरियाणा का डेलिगेशन पिछले दिनों लगातार एनआईटी केंपस में हो रही विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या की घटनाओं को लेकर एनआईटी के मुख्य निर्देशक से मिलने के लिए पहुंचा था लेकिन एनआईटी प्रशासन द्वारा हमारा ज्ञापन लेने कोई नहीं पहुंचा और हमारे डेलिगेशन को गेट पर ही रोक लिया गया। केवल एक साथी को बुलाकर ज्ञापन लिया। हम एनआईटी प्रशासन के इस रवैए की कड़े शब्दों में निंदा करते है।



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते एसएफआई कार्यकर्ता।

एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अक्षय ने कहा कि संस्थान में लगातार बढ़ते मानसिक दबाव, प्रशासन की उदासीनता और छात्र समस्याओं की अनदेखी के कारण ऐसी दुखद घटनाएं सामने आ रही हैं। यह इस वर्ष आत्महत्या की चौथी घटना है। इससे पता लग रहा है कि कैंपस में विद्यार्थी मानसिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक दबाव महसूस कर रहे हैं जो कि विद्यार्थी समुदाय के लिए चिंताजनक विषय है। विद्यार्थी क्लासेस ,एग्जाम अटेंडेंस का अधिक दबाव महसूस करते हैं। प्रशासन ने सभी घटनाओं को व्यक्तिगत मामला कहकर अनदेखा किया।

### ये हैं मांगें

आत्महत्या की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष और विशेष कमेटी द्वारा जांच होनी चाहिए। प्रशाशन द्वारा एग्जाम, अटेंडेंस और क्लासेज की व्यवस्था को लचीला बनाना चाहिए। प्रशासन द्वारा मानसिक परामर्श की व्यवस्था करनी चाहिए। कैंपस में सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों का प्रशिक्षण होना चाहिए। विद्यार्थियों की ऐसी स्टूडेंट्स की बॉडी होनी चाहिए जो स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करती हो, जिसके माध्यम से अपनी किसी भी समस्या को आसानी प्रशासन के सामने रख सके। इस मौके पर अमित, प्रियंका, राजदीप, दीपक, रोहित, देव व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेक्टर-8 में के भगवान गोरी शंकर मंदिर का हुआ लोकार्पण

- अतिथियों ने भगवान गोरी शंकर की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की ओर से सेक्टर-8 में नवनिर्मित भगवान गोरी शंकर मंदिर का लोकार्पण ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज तथा श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्री के विधायक राजकुमार कश्यप ने की, जबकि श्रीबालाजी आरोग्यम अस्पताल के एमडी डॉ. अनुराग कौशल विशिष्ट अतिथि के रूप कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों का कार्यक्रम में पहुंचने पर सभा के मुख्य सलाहकार जय नारायण शर्मा, प्रधान यशेंद्र शर्मा तथा प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने वेद मंत्रोच्चारण के बीच पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने भगवान गोरी शंकर की पूजा-अर्चना की। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के प्रतिनिधि के रूप राजू सेठी ने भाग लिया। श्रीगोरी शंकर मंदिर में शिवलिंग, शिव परिवार, श्री राम दरबार, श्री राधा-कृष्ण, गणेशजी, श्री लक्ष्मी-नारायण, हनुमानजी, मां काली, मां दुर्गा, माता शीतला, शनिदेव और शिला, श्री खाटू श्याम, नगर खेड़ा और मां सरस्वती के स्वरूप की पूरे विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा


कुरुक्षेत्र। भगवान गोरी शंकर मंदिर का लोकार्पण करते अतिथिगण।

### गुरुकुल के छात्र युवराज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान किया प्राप्त



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के लिए एक और गौरव की बात यह है कि कक्षा 9 के छात्र युवराज कुमार ने अंतरराष्ट्रीय तर्क एवं योग्यता ओलंपियाड 2025-26 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करके उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए युवराज कुमार को पदक, प्रमाण-पत्र और 2500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाती है, बल्कि संस्थान द्वारा पोषित मजबूत शैक्षणिक वातावरण का भी प्रमाण है। यह उपलब्धि साइंस टीचर सुशील कुमार के प्रयासों से संभव हुई, जिनके निरंतर समर्थन और सटीक मार्गदर्शन ने युवराज की सफलता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने युवराज को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता की सराहना की।

# संचालन एवं रखरखाव नीति 2026 में ग्राम पंचायत की भागीदारी अहम : राजीव बातिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कुरुक्षेत्र के कांफ्रेंस हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अंबाला सर्कल से अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिला, करनाल सर्किल से विकाश सिंगरोहा, कैथल सर्कल से के के गिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने शिरकत की। उन्होंने कार्यशाला में संचालन एवं रखरखाव नीति के मुख्य उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मुख्य अभियंता के द्वारा संचालन एवं रखरखाव में व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया नई नीति का मुख्य उद्देश्य पंचायत को अधिक सशक्त बनाना व जलापूर्ति योजनाओं में उनकी बेहतर भागीदारी सुनिश्चित करना है इसके बेहतर क्रियावन से भविष्य में बहुत ही सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे। उक्त नीति के तहत सभी ग्राम पंचायत के डिजिटल बैंक अकाउंट खाता खोले जाएंगे जिससे ग्राम पंचायत आय और व्यय जल्दी और प्रभावी तरीके से कर पाएगी और संचालन एवं रखरखाव के क्रियावन से सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि होगी। महिलाओं का सशक्तिकरण होगा स्थानीय स्तर पर तवतरित मरम्मत व्यवस्था समय से होगी पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्र से मजबूती के साथ-साथ जल जनित रोगों की रोकथाम और जन स्वास्थ्य में सुधार होगा।



# महिला सशक्तिकरण के नाम पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण: अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता

महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष मेवा सिंह, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, पिहोवा विधायक मंदीप सिंह चट्ठा तथा शाहाबाद विधायक रामकरण काला ने कहा कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल की आड़ में देशभर में अपने अनुसार परिसीमन करना चाहती थी, जिसका कांग्रेस पार्टी ने मजबूती से विरोध किया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिला आरक्षण की समर्थक रही है, लेकिन इसके नाम पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत साफ नहीं है। महिला आरक्षण बिल को लागू करने से पहले परिसीमन की शर्त जोड़ना एक राजनीतिक चाल है। इससे भाजपा अपने हित में सीटों का पुनर्गठन करना चाहती है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिलाओं का सम्मान करती है और देश में महिलाओं ने हमेशा महत्वपूर्ण पदों पर अपनी भूमिका निभाई है। थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है।


कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह एवं विधायकगण।

### शिक्षण संस्थानों में राजनीतिक कार्यक्रमों पर लगे रोक

प्रेस वार्ता के दौरान विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को राजनीतिक अखाड़ा बनाए जाने पर भी कड़ा विरोध जताया गया। विधायकों ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में राजनीतिक गतिविधियों और कार्यक्रमों पर पूर्ण रूप से रोक लगनी चाहिए। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री निशि गुप्ता, सुनीता नेहरा, कमलेश रानी, पवन चौधरी, विवेक भारद्वाज डब्बू , संजीव सैनी, पृथ्वी चंद के इलावा कई कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



### स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्पार्टन को 8 विकेट से दी मात, राहुल धीमान बने मैन ऑफ द मैच

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्रांगण में रविवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक मैच में स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्पार्टन को 8 विकेट से मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केयूके स्पार्टन की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। स्टार क्रिकेट क्लब की ओर से भारत कल्याण ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर 6 रन देकर 1 विकेट लिया। वहीं राहुल धीमान व सागर ने 2-2 तथा जितेन्द्र व विजय जांगड़ा ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार क्रिकेट क्लब की टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने पहली विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी निभाई। राहुल धीमान ने 29 गेंदों में 5 चौके व 2 छक्के लगाकर 46 रन बनाए तथा विजय जांगड़ा ने 4 चौके लगाकर 19 रन की पारी खेली। वहीं प्रदीप भजने ने 23 गेंदों में 5 .चौके व 1 शानदार छक्का लगाकर नाबाद 35 रन बनाए। स्पार्टन टीम की ओर से हरीश गैरोला व रामेश्वर दास ने 1-1 विकेट लिया। मैच जीतने के बाद स्टार क्रिकेट क्लब के कप्तान रशपाल सिंह ने कहा कि 13वें ओवर में लक्ष्य को प्राप्त करना बहुत बड़ी बात है।

# कुरुक्षेत्र की पोलो टीम ने कैथल की टीम को हराकर जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में, सांवला पोलो ग्राउंड पर आज आयोजित दूसरे रोमांचक पोलो मैच में कुरुक्षेत्र की पोलो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैथल की पोलो टीम को 9-7 से पराजित किया। इस मैच में सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र टीम की कप्तानी करते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और 6 गोल दागकर टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। कैथल टीम की और से आरिफ खान ने 3 गोल कर बढत बनाने के काफी प्रयास किए। इस मैच में अन्य सभी खिलाड़ियों ने भी दम-खम दिखाया। मैच में कुरुक्षेत्र टीम की ओर से नवीन जिन्दल के साथ महेश शर्मा व कृष्णा इंकिया ने उत्कृष्ट खेल दिखाया, जबकि कैथल टीम में कप्तान प्रणव कपूर, अक्षय मलिक और आरिफ खान ने दमदार प्रयास किए। मैच के अंपायर की भूमिका सत्तार अली ने निभाई। इस अवसर पर अनिल कुमार दून एसडीएम पिहोवा, सुभाष कलसाना, तुषार सैनी मीडिया कोर्डिनेटर मुख्यमंत्री, जगविंदर सिंह विर्क, नवीन जिन्दल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डॉ. मनीष मिश्रा, विजय वेदपाल, रविन्द्र सांगवान, सैनी सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी, विशाल सिंगला प्रधान वैश्य अग्रवाल समाज, उपेंद्र सिंघल मानद सचिव कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, नसीब कक्केडी, हरमेश सिंह, नवीन बंसल, अवतार सिंह, कुलदीप सैनी कलाल माजरा सहित हजारों मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। पोलो खेल में शामिल खिलाड़ी।

# महिला आरक्षण बिल गिराकर विपक्षी दलों ने मातृशक्ति का किया अपमान : चुघ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



महिला आरक्षण को लेकर देश की राजनीति अब गरमाती जा रही है। भाजपा सरकार द्वारा नारी शक्ति अधिनियम बिल पेश किए जाने के बाद पूर्ण बहुमत न मिलने पर अब भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा नेता व पार्षद सुधीर चुघ ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया और इसे मातृशक्ति का अपमान बताया। उन्होंने कांग्रेस पर अंग्रेजी मानसिकता से चलने का आरोप लगाया। सुधीर चुघ ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल का विरोध करना यह दर्शाता है कि विपक्ष महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने देश के साथ, नारी शक्ति, मातृशक्ति के साथ धोखा किया है। उन्होंने इसे मातृशक्ति का अपमान बताया और कहा कि देश की महिलाएं इसका जवाब देंगी। कहा कि कांग्रेस अंग्रेजी मानसिकता से चल रही है। सुधीर चुघ ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने भले ही सदन में वोट की राजनीति कर महिलाओं के अधिकारों का रास्ता रोकने का प्रयास किया हो, लेकिन वे देश की मातृशक्ति के हौसलों को नहीं तोड़ पाए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाएं जागृत हैं और आने वाले सभी चुनावों में जनता इस विपक्ष को संसद और विधानसभाओं में वोट देने के लायक भी नहीं छोड़ेगी।



### मेहनत और सही मार्गदर्शन से रयान बग्गा ने 98% अंकों के साथ किया स्कूल में टॉप

**कुरुक्षेत्र।** द मिलेनियम स्कूल, कुरुक्षेत्र के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में, विद्यालय के मेधावी छात्र रयान बग्गा ने 98% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। रयान की इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी की लहर है। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अमिता कोछड़ ने कहा, हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमें अपने सभी छात्रों पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। रयान की इस सफलता पर परिवार के सदस्यों—दादी निर्मल कुमारी बग्गा, पिता निखिल बग्गा, माता लविना बग्गा और भाई श्रेयान बग्गा ने गर्व व्यक्त किया। इस अवसर पर लिटिल मिलेनियम स्कूल के डायरेक्टर परमिंदर सिंह बाठ ने भी रयान का मुंह मीठा करवाकर उसे अपना आशीर्वाद और बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, अर्बन क्लासेस के संचालक अंकुर ठकराल और रितिका ठकराल ने रयान को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और सही मार्गदर्शन ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने रयान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एलएलबी अंतिम वर्ष के राघव और काशिश की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

# राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में कुवि विधि विभाग रहा अव्वल, दो प्रतिष्ठित अवार्ड किए अपने नाम

यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व तथा विधि विभाग की अध्यक्षा प्रो. प्रीति जैन के कुशल मार्गदर्शन में विधि विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग के एल.एल.बी. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्रा राघव एवं काशिश की टीम ने राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय मूट कोर्ट अवार्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही टीम को बेस्ट मेमोरियल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट मार्गदर्शन और विधि विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में इस प्रकार का प्रदर्शन न केवल विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के अग्रणी विधि संस्थानों जैसे दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ व जबलपुर, गुजरात विश्वविद्यालय एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया। कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल के बीच भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने अपनी उत्कृष्ट कानूनी समझ, प्रभावशाली तर्क क्षमता और सशक्त शोध कौशल के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में विजेता टीम को राष्ट्रीय मूट कोर्ट अवार्ड के तहत 21,000 रुपये तथा बेस्ट मेमोरियल अवार्ड के लिए 5,000 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई।


कुरुक्षेत्र। विजेताओं को बधाई देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### कुवि आईआईएचएस फुटबाल टीम ने जोनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किया हासिल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) की फुटबॉल टीम ने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जोनल स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 15 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न संस्थानों की टीमों ने भाग लिया और कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आईआईएचएस की टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए हर मुकाबले में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस, रणनीति और तालमेल के बल पर प्रतिद्वंद्वी टीमों को कड़ी चुनौती दी और अंततः जोनल प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने में सफलता प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, टीम ने इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता में भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।



